# वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर- 222003, (उ0 प्र0)

## Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur -222003 (U.P.)

# पीएच0डी0 प्रवेश परीक्षा–2024

**PURVANCHAL UNIVERSITY COMBINED RESEARCH ENTRANCE TEST (PUCRET -2024)**

# सूचना विवरणिका

# (Information Brochure)

**website : www.vbspu.ac.in**

# शोध (पीएच0डी0) प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथियाँ

| | |
|---|---|
| विज्ञापन/विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ करने की तिथि– | **14 दिसम्बर 2024 (शनिवार)** |
| आवेदन पत्र ऑनलाइन भरे जाने की अन्तिम तिथि– | **03 जनवरी 2025 (शुक्रवार)** |

**नोट :–**

1. विश्वविद्यालय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि **03 जनवरी 2025** के बाद किसी भी दशा में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र नहीं भरा जा सकेगा।
2. पीएच0डी0 प्रवेश से सम्बन्धित अन्य किसी सूचना के लिये विश्वविद्यालय की बेवसाइट www.vbspu.ac.in का अवलोकन निरन्तर करते रहें।
3. **पीएच0डी0 शोध प्रवेश परीक्षा (PUCRET-2024) कार्यक्रम पृथक से घोषित किया जायेगा।**
4. शोध प्रवेश परीक्षा के परिणाम के पश्चात् विश्वविद्यालय वेबसाइट पर साक्षात्कार/मौखिकी/डी0आर0सी0 एवं आर0डी0सी0 की तिथियों को प्रकाशित किया जायेगा। अतः अर्ह अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें। तत्सम्बन्धी विस्तृत सूचना एवं आवेदन पत्र वेबसाइट पर उपलब्ध होगा।

## शोध(पीएच0डी0) अभ्यर्थियों के लिये आवेदन शुल्क विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1. | सामान्य एवं अन्य पिछड़ी जाति के अभ्यर्थियों हेतुः | रू01000／— |
| 2. | अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति तथा आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग (EWS) के अभ्यर्थियों हेतुः | रू0 500／— |

**नोट–** पीएच0डी0 प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित किसी भी सूचना एवं सहायता के लिये ई–मेल **vbspucret@gmail.com** पर संपर्क किया जा सकता है।

# पीएच0डी0 प्रवेश 2024–25 हेतु विषयों का विवरण

| क्रमांक | विषय | विषय कोड | विश्वविद्यालय परिसर एवंराजकीय/अनुदानित महाविद्यालयों में संचालित विषय | रिक्त सीट |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बॉयोटेक्नोलॉजी (BIOTECHNOLOGY) | 01 | विश्वविद्यालय परिसर | 09 |
| 2. | व्यवसायिक अर्थशास्त्र (BUSINESS ECONOMICS) | 02 | विश्वविद्यालय परिसर | 12 |
| 3. | मानव संसाधन विकास (HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT) | 03 | विश्वविद्यालय परिसर | 06 |
| 4. | वित्तीय अध्ययन (FINANCIAL STUDIES) | 04 | विश्वविद्यालय परिसर | 05 |
| 5. | *बिजनेस मैनेजमेंट (BUSINESS MANAGEMENT) | 05 | विश्वविद्यालय परिसर | 00 |
| 6. | व्यवहारिक मनोविज्ञान (APPLIED PSYCHOLOGY) | 06 | विश्वविद्यालय परिसर | 07 |
| 7. | कम्प्यूटर अप्लीकेशंस (COMPUTER APPLICATIONS) | 07 | विश्वविद्यालय परिसर | 17 |
| 8. | इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग (ELECTRONICS ENGINEERING) | 08 | विश्वविद्यालय परिसर | 10 |
| 9. | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (ELECTRICAL ENGINEERING) | 09 | विश्वविद्यालय परिसर | 04 |
| 10 | *कम्प्यूटरसांइस एण्ड इंजीनियरिंग (COMPUTER SCIENCE AND ENGINEERING) | 10 | विश्वविद्यालय परिसर | 00 |
| 11 | मैकेनिकल इंजीनियरिंग (MECHANICAL ENGINEERING) | 11 | विश्वविद्यालय परिसर | 03 |
| 12. | मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान (HUMANITIES AND SOCIAL SCIENCES) | 12 | विश्वविद्यालय परिसर | 02 |
| 13. | जनसंचार एवं पत्रकारिता (MASS COMMUNICATION & JOURNALISM) | 13 | विश्वविद्यालय परिसर | 03 |
| 14. | नैनोसाइंस (NANO SCIENCE) | 14 | विश्वविद्यालय परिसर | 03 |
| 15. | *रिन्यूएबल एनर्जी (RENEWABLE ENERGY) | 15 | विश्वविद्यालय परिसर | 00 |
| 16. | भौतिकी (PHYSICS) | 16 | विश्वविद्यालय परिसर एवं महाविद्यालय | 28 |
| 17. | रसायनविज्ञान (CHEMISTRY) | 17 | विश्वविद्यालय परिसर एवंमहाविद्यालय | 15 |
| 18. | गणित (MATHEMATICS) | 18 | विश्वविद्यालय परिसर एवं महाविद्यालय | 72 |
| 19. | भूगर्भ विज्ञान/एप्लाईड जियोलॉजी (GEOLOGY/APPLIED GEOLOGY) | 19 | विश्वविद्यालय परिसर एवं महाविद्यालय | 10 |
| 20. | विधि (LAW) | 20 | महाविद्यालय | 08 |
| 21. | हिन्दी (HINDI) | 21 | महाविद्यालय | 76 |
| 22. | अंग्रेजी (ENGLISH) | 22 | महाविद्यालय | 76 |
| 23. | समाजशास्त्र (SOCIOLOGY) | 23 | महाविद्यालय | 48 |
| 24. | राजनीतिशास्त्र (POLITICAL SCIENCE) | 24 | महाविद्यालय | 69 |
| 25. | प्राचीन इतिहास (ANCIENT HISTORY) | 25 | महाविद्यालय | 29 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 26. | मनोविज्ञान (PSYCHOLOGY) | 26 | महाविद्यालय | 18 |
| 27. | सैन्य विज्ञान (MILITARY SCIENCE) | 27 | महाविद्यालय | 50 |
| 28. | इतिहास (HISTORY) | 28 | महाविद्यालय | 09 |
| 29. | अर्थशास्त्र (ECONOMICS) | 29 | महाविद्यालय | 75 |
| 30. | शिक्षाशास्त्र (EDUCATION) | 30 | महाविद्यालय | 19 |
| 31. | संस्कृत (SANSKRIT) | 31 | महाविद्यालय | 59 |
| 32. | दर्शनशास्त्र (PHILOSOPHY) | 32 | महाविद्यालय | 15 |
| 33. | उर्दू (URDU) | 33 | महाविद्यालय | 04 |
| 34. | शिक्षक शिक्षा संकाय (बी0एड0) (TEACHER'S EDUCATION, B.ED) | 34 | महाविद्यालय | 44 |
| 35. | वाणिज्य (COMMERCE) | 35 | महाविद्यालय | 11 |
| 36. | प्राणि विज्ञान (ZOOLOGY) | 36 | महाविद्यालय | 27 |
| 37. | वनस्पति विज्ञान (BOTANY) | 37 | महाविद्यालय | 56 |
| 38. | शारीरिक शिक्षा (PHYSICAL EDUCATION) | 38 | महाविद्यालय | 24 |
| 39. | संगीत (MUSIC) | 39 | महाविद्यालय | 06 |
| 40. | गृहविज्ञान (HOME SCIENCE) | 40 | महाविद्यालय | 02 |
| 41. | भूगोल (GEOGRAPHY) | 41 | महाविद्यालय | 70 |
| 42. | सस्य विज्ञान (AGRONOMY) | 42 | महाविद्यालय | 05 |
| 43. | *आनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन (GENETICS & PLANT BREEDING) | 43 | महाविद्यालय | 00 |
| 44. | पादप रोग विज्ञान (PLANT PATHOLOGY) | 44 | महाविद्यालय | 09 |
| 45. | *कीट विज्ञान (ENTOMOLOGY) | 45 | महाविद्यालय | 00 |
| 46. | कृषि रसायन एवं मृदाविज्ञान (AGRICULTURAL CHEMISTRY AND SOIL SCIENCE) | 46 | महाविद्यालय | 05 |
| 47. | उद्यान विज्ञान (HORTICULTURE) | 47 | महाविद्यालय | 10 |
| 48. | पशुपालन एवंदुग्ध विज्ञान (ANIMAL HUSBANDRY & DAIRING) | 48 | महाविद्यालय | 03 |
| 49. | कृषि अर्थशास्त्र (AGRICULTURE ECONOMICS) | 49 | महाविद्यालय | 12 |
| 50. | कृषि प्रसार (AGRICULTURE EXTENSION) | 50 | महाविद्यालय | 04 |
| 51. | कृषि अभियान्त्रिकी (AGRICULTURAL ENGINEERING) | 51 | महाविद्यालय | 02 |
| 52. | चित्रकला (DRAWING) | 52 | महाविद्यालय | 04 |

***** वर्तमान में कोई सीट रिक्त नहीं है, भविष्य में सीट रिक्त होने की सम्भावना है।

**नोटः** **1.** पीएच0डी0 प्रवेश परीक्षा के उपरान्त विभागीय शोध समिति (DRC) की अन्तिम तिथि तक सीटों की संख्या घट–बढ़ सकती है।

**2.** परीक्षा के पश्चात् विभागीय शोध समिति (DRC) की बैठक के समय विश्वविद्यालय परिसर एवं राजकीय/अनुदानित महाविद्यालय में रिक्त सीटों को दृष्टिगत रखते हुए प्रवेश परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर शोध विषयों में प्रवेश लिया जायेगा। प्रवेश के समय आरक्षणवार सीटों का विवरण अलग से जारी किया जायेगा। अभ्यर्थियों को आरक्षण का लाभ उ0प्र0 राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी शासनादेश के अनुसार अनुमन्य होगा।

## 1. पीएच0डी0 पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु पात्रता सम्बन्धी महत्वपूर्ण सूचना (Important Eligibility Information for Admission in Ph.D. Program 2024)

**(i)** पीएच0डी0 प्रवेश परीक्षा विश्वविद्यालय के पीएच0डी0 अध्यादेश–2022 (https://www.vbspu.ac.in/uploads/2022/12/PhD-Ordinance-2022.pdf) के अनुसार सम्पन्न करायी जायेगी।

**(ii)** जो भी अभ्यर्थी पीएच0डी0 पाठ्यक्रम में प्रवेश लेना चाहते हैं उन सभी अभ्यर्थियों को PUCRET-2024 में आनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है।

**(iii)** अभ्यर्थी आवेदन करते समय अपनी पात्रता जाँच करके ही आवेदन पूरित करें। काउंसलिंग/ प्रवेश के समय विश्वविद्यालय/सम्बन्धित महाविद्यालय द्वारा पात्रता की जाँच करने के उपरान्त ही अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जा सकेगा। प्रवेश फार्म में किसी भी प्रकार की अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण सूचना के सम्बन्ध में अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होंगे एवं ऐसी स्थिति में किसी भी समय विश्वविद्यालय को उसका अभ्यर्थन निरस्त करने का अधिकार होगा।

## 2. प्रवेश परीक्षा से छूट (ExemptionFromEntranceTest)

**(i)** स्थायी शिक्षक जो विश्वविद्यालय या विश्वविद्यालय से सम्बद्ध अशासकीय/अनुदानित/राजकीय कालेज में अध्यापन कर रहे हों।

**(ii)** अन्तर्राष्ट्रीय अभ्यर्थी (एन0आर0आई0 सहित) जो समय–समय पर भारत सरकार एवं विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश, शुल्क आदि से सम्बन्धी बनाये गये नियमों एवं शर्तो से आच्छादित होते है।

**(iii)** वे सभी अभ्यर्थी जिनका चयन यू0जी0सी0/ सी0एस0आई0आर0 डी0एस0टी0 इंस्पायर/डी0बी0टी0/आई0सी0ए0आर0/आई0सी0एम0आर0/ डी0ए0ई0 /आई0सी0एच0आर0/ जीपेट/एनबीएचएम/जेइएसटी/ आईसीसीआर/ एनडीएफ–एआईसीटीई/ डी0आर0डी0ओ0 या भारत सरकार की किसी अन्य केन्द्रीय संस्थाओं द्वारा जे0आर0एफ0/नेट **(Category-1, Category-2 & Category-3)**/या यू0पी0 स्लेट की परीक्षा उत्तीर्ण की हो तथा फेलोशिप के नियमों एवं वैधता को पूर्ण करते हों ।

**(iv)** ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने गेट (GATE) की परीक्षा उत्तीर्ण की हों और उनका गेट स्कोर कार्ड वैध हो।

**(v)** जिन्होंने आर्मी, नेवी तथा एयरफोर्स में (कम से कम कर्नल रैंक या उसके समकक्ष) कम से कम 10 वर्ष की सेवा की हो।

**(vi)** गर्वनमेंट सेक्टर, पब्लिक सेक्टर, प्राइवेट इन्डस्ट्री/ कम्पनीज (BSE/NSE सूचीबद्ध) में अधिकारी/ वैज्ञानिक जिन्होंने कम से कम 10 वर्ष की सतत् सेवा पूर्ण कर ली हो।

**(vii)** विधि द्वारा स्थापित मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या मानित विश्वविद्यालय या शोध संस्थान से ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने एक बार शोध उपाधि (Ph.D.) प्राप्त कर ली है और वह पुनः शोध (Ph.D.) करना चाहते हैं।

**(viii)** अंशकालिक पीएच0डी0 पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी।

**नोट – उपरोक्त श्रेणी के अन्तर्गत PUCRET प्रवेश परीक्षा से छूट पाने वाले अभ्यर्थियों को भी ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है, अन्यथा की स्थिति में प्रवेश पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।**

## 3 . प्रवेश हेतु प्रक्रिया (Procedure for admission):

**(i)** पीएच0डी0 पाठ्यक्रम में प्रवेश वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर द्वारा आयोजित पूर्वान्चल विश्वविद्यालय संयुक्त शोध प्रवेश परीक्षा–2024 (PUCRET-2024) के माध्यम से किया जायेगा।

**(ii)** प्रवेश परीक्षा लिखित आधार पर होगी। लिखित प्रवेश परीक्षा में वस्तुनिष्ठ प्रकार के दो प्रश्न पत्र होंगे।लिखित प्रवेश परीक्षा के दोनों प्रश्नपत्रो के प्राप्तांक के योग का प्रतिशत सामान्य एवं आर्थिक रूप से पिछड़े अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम 50% अंक तथा अन्य पिछड़ा वर्ग /अनसूचित जाति/अनसूचित जनजाति/दिव्यांगजन श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम 45% अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

**(iii)** प्रवेश परीक्षा में 50% शोध पद्धति (Research Methodology) प्रश्न पत्र तथा 50% विशिष्ट विषय (सन्दर्भित विषय) का पाठ्यक्रम शामिल होगा।

**(iv)** विशिष्ट विषय (सन्दर्भित विषय) का पाठ्यक्रम वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के समान होगा।

**(v)** संयुक्त शोध प्रवेश परीक्षा–2024 (PUCRET-2024) प्रवेश परीक्षा विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित की जायेगी। परीक्षा की तिथि तथा समय की जानकारी पृथक रूप से विश्वविद्यालय की बेवसाइट www.vbspu.ac.in पर प्रकाशित की जायेगी। अभ्यर्थी किसी अद्यतन सूचना के लिए विश्वविद्यालय की बेवसाइट का अवलोकन करते रहें।

**(vi) लिखित प्रवेश परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जायेगा।**

**(vii)** लिखित परीक्षा में यदि किसी प्रश्न के उत्तर पर किसी भी प्रकार की आपत्ति आती है तो उन अपात्तियों का निस्तारण एक निश्चित समयावधि पर किया जायेगा। विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित निश्चित समयावधि के उपरान्त अगर कोई आपत्ति करता है तो उस पर किसी भी दशा में विचार नहीं किया जायेगा।

**(viii)** मौखिकी/साक्षात्कार प्रक्रिया विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शोध केन्द्रों पर विभागीय शोध समिति के माध्यम से संपन्न होगी। अभ्यर्थी को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत स्वयं के चयनित शोध केंद्र पर आवेदन करना अनिवार्य होगा। मौखिकी/साक्षात्कार हेतु अर्ह अभ्यर्थियों की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध करायी जायेगी

**(ix)** अर्ह अभ्यर्थियों को पीएच0डी0 पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु साक्षात्कार में उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

**(x)** मौखिकी/साक्षात्कार में सफल अभ्यर्थियों की अवरोही क्रम में एक सूची तैयार की जायेगी और इसी क्रम में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी। उपलब्ध सीटों के सापेक्ष पीएच0डी0 पाठ्यक्रम में प्रवेश उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अनुमन्य आरक्षण नीति के अनुसार होगा।

**(xi)** मौखिकी/साक्षात्कार प्रक्रिया से पूर्व अभ्यर्थी को अपने प्रस्तावित शोध निर्देशक की सहमति पत्र प्राप्त करना आवश्यक है (Annexure II) तथा निर्धारित प्रारूप के अनुसार शोध संक्षेपिका (Synopsis) को जमा करना होगा (Annexure III)।

**(xii)** यदि दो या दो से अधिक अभ्यर्थी साक्षात्कार के उपरान्त वरीयता सूची में समान अंक प्राप्त करते हैं तो उसका प्रवेश निम्नलिखित विधि द्वारा निर्धारित किया जायेगा–

a. यदि दो या दो से अधिक अभ्यर्थी साक्षात्कार के उपरान्त समान अंक प्राप्त करते हैं तो स्नातकोत्तर परीक्षा में अधिक अंक प्राप्त करने वाले को वरीयता दी जायेगी।

b.यदि दो या दो से अधिक अभ्यर्थी का स्नातकोत्तर परीक्षा मे ंभी समान अंक है तो आयु में वरिष्ठ अभ्यर्थी को वरीयता दी जाएगी।

**(xiii) शोध पात्रता परीक्षा उतीर्ण करने का यह तात्पर्य यह नहीं कि अभ्यर्थी को शोध पाठ्यक्रम में अनिवार्य रूपसे प्रवेश प्राप्त हो जायेगा। विश्वविद्यालय को शोध निर्देशकों की अनुपलब्धता सहित अन्य कारणों से किसी भी शोध प्रवेश पाठ्यक्रम में किसी भी समय प्रवेश स्थगित करने/रखने का अधिकार होगा।**

**(xiv) पूर्णकालिक पीएच0डी0** अभ्यर्थी के लिए साक्षात्कार/मौखिकी के अंकों का वितरण निम्नानुसार किया जायेगा–

## ANNEXURE-A

<table>
<tr><th>S. No.</th><th>Component</th><th>Overload (Weightage)</th><th colspan="4">Score Determination</th></tr>
<tr><td>1.</td><td>Written entrance test</td><td>70%</td><td colspan="4">Those candidates who have qualified the “PUCRET-2024”</td></tr>
<tr><td rowspan="6">2</td><td rowspan="6">Academic index</td><td rowspan="6">10%</td><td colspan="4">The Academic Index will be calculated as follows-</td></tr>
<tr><td>Academic record</td><td colspan="3">Score</td></tr>
<tr><td>Graduation</td><td>75% Marks or More = 2%</td><td>60% to less than 75% = 1%</td><td>Less than 60% = 0.5%</td></tr>
<tr><td>Post - Graduation</td><td>75% Marks or more = 2%</td><td>60% to less than 75% = 1%</td><td>Less than 60% = 0.5%</td></tr>
<tr><td>Additional Professional Qualifications</td><td>75% Marks or More = 2%</td><td>60% to less than 75% = 1%</td><td>Less than 60% = 0.5%</td></tr>
<tr><td colspan="2">JRF-NET / NET /<br>UP – SLET/ SET</td><td colspan="2">JRF-NET = 4% or<br>NET/UP- SLET/SET = 2%</td></tr>
<tr><td>3.</td><td>Presentation</td><td>10%</td><td colspan="4">Evaluation of the candidate based on his/ her understanding of the research process and issues in the proposed area of research based on presentation by the candidates</td></tr>
<tr><td>4.</td><td>Oral / Interview</td><td>10</td><td colspan="4">The following points will be considered in the oral/ interview:<br>1) Whether the candidate has potential for the proposed research?<br>2) Can the proposed research work be implemented at a pre-university or research center?<br>30 Can the proposed research area contribute to new/ additional knowledge?</td></tr>
<tr><td colspan="2">Total</td><td>100%</td><td colspan="4"></td></tr>
</table>

**(xv) अंशकालिक पीएच0डी0** अंशकालिक पीएच0डी0 अभ्यर्थी को अपने प्रस्तावित शोध कार्य से सम्बंधित आलेख (Write up) तैयार कर विभागीय शोध समिति (डीआरसी) के समक्ष प्रस्तुत करना होगा जिसका अधिभार 70% होगा और शेष 30% में उसका कार्य अनुभव, अकादमिक इंडेक्स, शोध विषय पर साक्षात्कार/मौखिकी के अंकों का वितरण निम्नानुसार किया जायेगा–

ANNEXURE-B

<table>
<tr><th>S. No.</th><th>Component</th><th>Overload (Weightage)</th><th colspan="4">Score Determination</th></tr>
<tr><td>1.</td><td>Researh Paper (Write up)</td><td>70%</td><td colspan="4">The Candidate will be given 90 minutes to write the article based on the introduction of the topic, proposed research methods (e.g., purpose, reason, outline, data collection plan, data analysis method) and research/ discovery</td></tr>
<tr><td>2.</td><td>Work experience</td><td>10%</td><td colspan="4">After five years of work experience, 1% weightage will be given for work experience every year, which will be up to a maximum of 10%</td></tr>
<tr><td rowspan="7">3.</td><td rowspan="7">Academic index</td><td rowspan="7">10%</td><td colspan="4">The Academic Index will be calculated as follows-</td></tr>
<tr><td>Academic record</td><td colspan="3">Score</td></tr>
<tr><td>Graduation</td><td>75% Marks or More = 2%</td><td>60% to less than 75% = 1%</td><td>Less than 60% = 0.5%</td></tr>
<tr><td>Post - Graduation</td><td>75% Marks or more = 2%</td><td>60% to less than 75% = 1%</td><td>Less than 60@ = 0.5%</td></tr>
<tr><td>Additional Professional Qualifications</td><td>75% Marks or More = 2%</td><td>60% to less than 75% = 1%</td><td>Less than 60% = 0.5%</td></tr>
<tr><td colspan="4">JRF-NET / NET / JRF – NET = 2% or<br>UP- SLET/ SET NET/ UP – SLET/ SET = 1%</td></tr>
<tr><td>Research Publications</td><td colspan="3">UGC care listed/ Peer Reviewed/ Refereed Journal (at least two publications) = 1% Mark or SCI/ SCOPUS/ Web of Science (at least two publications)= Maximum 2%</td></tr>
<tr><td>4.</td><td>Oral / Interview</td><td>10%</td><td colspan="4">The following points will be considered in the oral/ interview:<br>1) Whether the candidate has potential for the proposed research?<br>2) Can the proposed research work be implemented smoothly at a University or research center?<br>3) Can the proposed research area contribute to new/ additional knowledge?</td></tr>
</table>

**(xvi)** समस्त डीआरसी (पूर्णकालिक एवं अंशकालिक) की बैठक सीसीटीवी कैमरे की निगरानी से अच्छादित होगी जिसकी ऑडियो एवं वीडियो रिकॉर्डिंग होगी। डीआरसी की बैठक का कार्यवृत विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

**(xvii)** डीआरसी के बैठक की सूचना विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित शोध केन्द्रों द्वारा कम से कम पाँच कार्य दिवस पूर्व विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा तथा नोटिस बोर्ड पर चस्पा करना अनिवार्य होगा।

## 4 . पीएच0डी0 पाठ्यक्रम अवधि (Duration of Ph.D. Program)

a. **पूर्णकालिक**: पूर्णकालिक पीएच0डी0 पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने की तिथि (प्रवेश शुल्क जमा करने की तिथि) से पीएच0डी0 पाठ्यक्रम में शोध प्रबंध जमा करने की अवधि कम से कम 03 वर्ष की होगी जिसमें पाठ्यक्रम से संबंधित कार्य भी शामिल होगा तथा अधिकतम अवधि 06 वर्ष होगी ।

b. **अंशकालिक**:अंशकालिक पीएच0डी0 पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने की तिथि (प्रवेश शुल्क जमा करने की तिथि) से पीएच0डी0 पाठ्यक्रम में शोध प्रबंध जमा करने की न्यूनतम अवधि 4 वर्ष एवं अधिकतम अवधि 7 वर्ष होगी ।

c. महिला अभ्यर्थी तथा निशक्त व्यक्ति (जिनकी निशक्तता 40% से अधिक हो) उन्हें पीएच0डी0 के लिए अधिकतम 02 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी ।

d. विशेष परिस्थितियों में, शोध प्रबंध जमा करने के अधिकतम अवधि की समाप्ति के बाद शोधार्थी को कुलपति द्वारा एक वर्ष का विस्तार दिया जा सकता है यदि शोधार्थी ने अधिकतम अवधि समाप्त होने के 3 मास से पहले शोध प्रबंध जमा करने के विस्तार के लिए आवेदन किया हो।

e. शोध प्रबंध को जमा करने पर विश्वविद्यालय द्वारा शोधार्थी को एक निर्धारित प्रारूप पर प्राप्ति देनी होगी ।

## 5 . प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन पत्र भरने सम्बन्धी दिशा–निर्देश (Guidelines to fill Online Application for Entrance Examination)

**(i)** अभ्यर्थियों को यह निर्देश दिया जाता है कि प्रवेश हेतु निर्धारित ऑनलाइन आवेदन–पत्र भरने के पूर्व विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.vbspu.ac.in पर दिये गये समस्त दिशा निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा उसके अनुसार आवेदन–पत्र में आवश्यक सभी प्रविष्टियां सावधानी पूर्वक भरें।

**(ii)** ऑनलाइन आवेदन–पत्र भरते समय अभ्यर्थी अपनी नवीनतम स्पष्ट रंगीन फोटो (.jpeg, अधिकतम साइज 500KB) एवं स्कैन किया हुआ हस्ताक्षर (.jpeg, अधिकतम साइज 500KB) निर्धारित स्थान पर अपलोड करें।

**(iii)** अभ्यर्थी अपना वैध ई–मेल आईडी, आधार नम्बर एवं कार्यरत मोबाइल नम्बर को ही भरें। सभी सूचनायें उपरोक्त माध्यम से अभ्यर्थियों को प्रेषित की जायेंगी।

**(iv)** आवेदनपत्र आनलाइन भरते समय जाति, आय एवं आर्थिकरूप से पिछड़े वर्ग (EWS) के अभ्यर्थियों का प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत ही मान्य होगा, जो अपलोड किया जायेगा।

**(v)** अभ्यर्थियों द्वारा किसी एक ही विषय हेतु शोध प्रवेश परीक्षा (PUCRET-2024) द्वारा आवेदन पत्र भरा जा सकता है।

**(vi)** ऑनलाइन आवेदन हेतु अभ्यर्थी द्वारा जमा किया गया शुल्क किसी भी दशा में वापस नहीं किया जायेगा और न ही अन्य किसी पाठ्यक्रम में स्थानान्तरित किया जायेगा।

**(vii)** अभ्यर्थीको प्रवेश लेते समय प्रवजन प्रमाण–पत्र (Migration Certificate) जमा करना अनिवार्य होगा।

**(viii)** यदि त्रुटिवश कोई अनर्ह अभ्यर्थीप्रवेश परीक्षा में बैठ जाता है, तो ऐसी स्थिति में विश्वविद्यालय को उसका अभ्यर्थन निरस्त करने का अधिकार होगा।

**(ix)** यदि एक स्थान रिक्त हो और दो या उससे अधिक अभ्यर्थियों के प्रवेश परीक्षा में समान अंक हों तो अर्हकारी परीक्षा में अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थीका चयन वरीयता के आधार पर किया जायेगा।

**(x)** अभ्यर्थी को प्रवेश परीक्षा परिणाम की सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट/समाचार–पत्र/रजिस्टर्ड ई–मेल के माध्यम से दिया जायेगा। PUCRET-2024 प्रवेश परीक्षा के उपरान्त अर्ह अभ्यर्थी विश्वविद्यालय/सम्बन्धित अनुदानित/राजकीय महाविद्यालय में विभागीय शोध समिति (Departmental Research Committee) (डी0आर0सी0)/शोध उपाधि समिति (Research Degree Committee) (आर0डी0सी0) हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित आवेदन प्रारूप पर अपना आवेदन प्रस्तुत करेंगे।

**(xi)** डी0आर0सी0 के समक्ष अर्हकारी योग्यता से सम्बन्धित समस्त अंक–पत्र तथा प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी द्वारा गलत सूचना देने पर विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी समय आवेदन निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

**(xii)** विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश हेतु जारी तिथि एवं समय पर निर्धारित शुल्क जमा नहीं करने पर शोध के लिए चयनित अभ्यर्थी का प्रवेशाधिकार स्वतः समाप्त हो जायेगा।

## 6 . शोध प्रवेश परीक्षा के प्रश्नपत्र का प्रारूप (Format of Question Paper for Research Entrance Examination):

(i) शोध प्रवेश परीक्षा (PUCRET-2024) वस्तुनिष्ठ प्रश्न (Objective type Question) पर आधारित होगी जिसमें दो प्रश्न पत्र होंगे।

**प्रथम प्रश्न पत्र**–सभी विषयों के अभ्यर्थियों के लिए समान होगा, जिसमें वस्तुनिष्ठ प्रकार के 70 प्रश्न होंगे और प्रत्येक प्रश्न 01 अंक के होंगे। यह प्रश्न–पत्र शोध पद्धति (Research Methodology) पर आधारित होगा, जिसके लिए 2 घण्टे का समय निर्धारित होगा।

**द्वितीय प्रश्न पत्र**–सभी विषयों के अभ्यर्थियों के लिए अलग–अलग होंगे। यह प्रश्न–पत्र विशिष्ट विषय (सन्दर्भित विषय) का होगा जो कि वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम पर आधारित होगा जिसमें वस्तुनिष्ठ प्रकार के 70 प्रश्न होंगे और प्रत्येक प्रश्न 01 अंक के होंगे। इस प्रश्न–पत्र के लिए 2 घण्टे का समय निर्धारित होगा।

**नोट– प्रवेश परीक्षा में कोई नकारात्मक मार्किंग नहीं होगी।**

(ii) प्रथम पाली प्रातः 10.30 से 12.30 बजे तक एवं द्वितीय पाली दोपहर 02.00 से 04.00 बजे तक सम्पन्न करायी जायेंगी।

(iii) परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किया जायेगा।

(iv) **प्रथम प्रश्नपत्र** शोध पद्धति (Research Methodology) का पाठ्यक्रम इस सूचना विवरणिका में उपलब्ध है (Annexure I)। **द्वितीय प्रश्नपत्र** विशिष्ट विषय (सन्दर्भित विषय) का पाठ्यक्रम वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम पर आधारित होगा।

## 7 . कोर्स वर्क (Course Work):

I. सभी प्रवेशित शोधार्थियों को कम से कम छः माह का कोर्स वर्क करना अनिवार्य होगा। सेवारत अभ्यर्थियों को छः माह का अवकाश सम्बन्धी प्रमाण–पत्र शोध कोर्स वर्क प्रारम्भ होने के पूर्व में प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

II. विश्वविद्यालय/संस्थान/निदेशक/प्राचार्य/विभागाध्यक्ष को यह सुनिश्चित करना होगा कि जिन विषयों के पीएच0डी0 कोर्सवर्क का संचालन उनके विभाग/शोध केन्द्र पर किया जाना

है, उन विषयों से सम्बन्धित शिक्षकों की कोर्सवर्क के सुचारु संचालन में संलग्नता उनका अकादमिक कर्तव्य माना जायेगा।

III. पीएच0डी0 कोर्स वर्क का पाठ्यक्रम सम्बन्धित विषय के विभाग द्वारा प्राप्त अध्ययन परिषद से पारित पाठ्यक्रम (Syllabus) एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अनुसार किया जायेगा।

IV. कोर्स वर्क हेतु विस्तृत दिशा निर्देश साक्षात्कार / मौखिकी से पूर्व विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया जायेगा।

## 8 . (A). <u>आरक्षण (Reservation)</u>

**(i)** उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा जारी आरक्षण अधिनियम के अनुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के लिए क्रमशः 21, 02, 27 तथा 10 प्रतिशत स्थान आरक्षित है (उ0प्र0 शासनादेशों में निहित व्यवस्था के अनुरूप)। आरक्षण का लाभ लेने के लिए अभ्यर्थी को आवेदन–पत्र में यथा स्थान श्रेणी का उल्लेख करना होगा। साक्षात्कार के समय जाति का मूल प्रमाण–पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा। अन्य पिछड़े वर्ग के लिये उ0प्र0 सरकार के शासनादेश के अनुसार निर्गत नवीनतम जाति प्रमाण–पत्र मान्य होगा।

**(ii)** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के अभ्यर्थियों को राज्य सरकार के सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर शासनादेश के अनुरूप आरक्षण का लाभ अनुमन्य होगा।

**(iii)** आरक्षण का लाभ केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को मिलेगा जो उत्तर प्रदेश राज्य के मूल निवासी हैं। इसके लिये अभ्यर्थी को निवास प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।

**(iv)** शोध प्रवेश हेतु आरक्षणवार सीटों का निर्धारण उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी आरक्षण सम्बन्धी शासनादेश के अनुसार किया जायेगा।

**नोट– क्षैतिज आरक्षण उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा जारी नवीनतम शासनादेश के अनुसार अनुमन्य होगा।**

## 9 . <u>शोध निर्देशकों का आबंटन (Allocation of Research Supervisor)</u>

**(i)** विश्वविद्यालय विषयवार प्रत्येक शोध निर्देशकों के अधीन रिक्त सीटों की सूची जारी करेगा।

**(ii)** शोधार्थी सम्बंधित शोध निर्देशक की सहमति पत्र प्राप्त कर विश्वविद्यालय द्वारा गठित विभागीय शोध समिति के समक्ष अपनी योग्यता एवं शोध के निमित्त प्रस्तावित विषय का विवरण देते हुए शोध संक्षेपिका (Synopsis) प्रस्तुत करेगा।

**(iii)** शोध निर्देशक के सहमति पत्र के आधार पर विभागीय शोध समिति (डी0आर0सी0) शोध छात्र को प्री पीएच0डी0 कोर्स वर्क की अनुमति प्रदान करेगी।

**(iv)** शोध निर्देशकों को निर्देशित किया जाता है कि शोध हेतु अपनी सहमति देने से पूर्व शोध के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों के पात्रता की जांच प्रवेश परीक्षा परिणाम (PUCRET-2024) से अवश्य कर लें जो कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

## 10 . शोध प्रवेश एवं पंजीकरण प्रक्रिया (Research Admission and Registration Process):

**(i)** विद्यार्थी द्वारा अपना शोध प्रारूप सम्बन्धित विषय की विभागीय शोध समिति की बैठक में स्वीकृति हेतु शोध निर्देशक की संस्तुति के साथ निर्धारित आवेदन पत्र पर वांछित विवरणों के साथ 5 प्रतियों में सम्बन्धित विभागाध्यक्ष/प्राचार्य के कार्यालय में निश्चित अवधि के अन्दर प्रस्तुत करना आवश्यक होगा जिसकी सूचना विश्वविद्यालय द्वारा पृथक रूप से उपलब्ध करायी जायेगी।

**(ii)** शोध प्रारूप में विषय–वस्तु साहित्य समीक्षा, उद्देश्य, परिकल्पनाएँ, शोध–विधि, शोध योजना एवं शोध का शैक्षिक महत्व आदि का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए। शोध समिति की बैठक की सूचना के साथ सम्बन्धित सदस्यों को शोध प्रारूप की प्रति हस्तगत करा दी जायेगी।

**(iii)** पीएच0डी0 प्रवेश परीक्षा के उपरान्त अर्ह अभ्यर्थियों को पीएच0डी0 पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु साक्षात्कार तथा प्रमाण पत्रों के आवश्यक सत्यापन हेतु सम्बन्धित विभाग/महाविद्यालय में डी0आर0सी0 के समक्ष उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

**(iv)** डी0आर0सी0 पीएच0डी प्रवेश के लिए शोध छात्रों के आवेदन पत्र पर विचार करेगी और शोध विषय पर विचार करने के बाद उन्हें यथावत् अथवा संशोधित रूप में स्वीकृत कर सकती है। विभागाध्यक्ष द्वारा समिति का कार्यवृत्त स्वीकृत आवेदन पत्रों के साथ शोध अनुभाग को प्रेषित कर दिया जायेगा। **शोध शीर्षक आर0डी0सी0 से स्वीकृत होने के पश्चात् शोध अनुभाग द्वारा** प्रवेश शुल्क **जमा करने हेतु अनुमति पत्र निर्गत किया जायेगा।**

**(v)** प्रवेश की अनुमति प्राप्त होने पर अभ्यर्थी विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शोध प्रवेश शुल्क जमा करेगा। यदि अभ्यर्थी यह शुल्क प्रवेश की अनुमति प्राप्ति के एक माह के भीतर जमा कर देता है तो उसका प्रवेश हो जायेगा और विश्वविद्यालय में प्रवेश शुल्क जमा करने की तिथि को पीएच0डी0 पाठ्यक्रम में प्रवेश की तिथि मानी जायेगी। उक्त अवधि के अन्दर यदि शोधार्थी शुल्क जमा नहीं करता है तो उसके प्रवेश की अनुमति स्वतः निरस्त हो जायेगा।

**(vi)** शोधार्थी को प्रत्येक छः माह के उपरान्त विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रारूप पर शोध प्रगति आख्या (Annexure IV) प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

## 11 . पीएच0डी0 पाठ्यक्रम शुल्क (Ph.D. Course Fee)

सभी चयनित अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रवेश एवं अन्य शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा। तत्सम्बन्धी विस्तृत सूचना सूचना एवं दिशा निर्देश विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जायेगा।

**Annexure -I**

## Syllabus for Ph.D. Entrance Exam Paper-I
## (Research Methodology)

**Unit -1 Basic Concept of Research Problem**

- Meaning and Source of Research Problem
- Identification of Research Problem
- Research Objective and Scope of Research
- Type of Research-Fundamental/applied /action/quantitative/qualitative

**Unit-2 Review of Literatures**

- Primary and Secondary Sources
- Searching e-resources using search engines
- Searching Data base
- Writing literature review

**Unit-3 Methods of Research**

- Concept and formulation of Hypothesis
- Survey Method and Experimental Method (Variable, Designs)
- Historical Method
- Content Analysis

**Unit-4 Information and Communication Technology (ICT)**

- ICT:General abbreviations and terminology
- Basics of Internet, Intranet, E-mail,Audio-video conferencing
- Digital Initiatives in Higher Education
- ICT and Governance

**Unit-5 Higher Education System**

- Institution of Higher Learning and education in Ancient India
- Oriental, Conventional and Non-Conventional Learning Programmes in India
- Professional, Technical and Skill Based Education
- Polices, Governance and Administration

**Unit-6 Research Report Preparation**

- Structure and Component of Research
- Organization of Data
- Types of Journals, Indexing of Journal and research output
- Citation, References and Bibliography Style
- Copyright, Plagiarism, originality of Research Work
- Format and Style of Writing Report

**Unit-7 Research Ethics**

- Ethics in Research

## Syllabus for Ph.D. Entrance Exam Paper-II
## (Subject specific)

The syllabus for the second paper will be based on the subject specific as per the syllabus prescribed for the postgraduate program of the V.B.S. Purvanchal University, Jaunpur .

## पीएच0डी0 प्रवेश परीक्षा हेतु प्रथम प्रश्न पत्र का पाठ्यक्रम
## (रिसर्च मेथोडोलॉजी - शोध पद्धति)

**Unit -1 शोध समस्या की आधारभूत अवधारणा**

- शोध समस्या का अर्थ एवं स्रोत
- शोध समस्या की पहचान
- शोध उदेश्य एवं शोध का विस्तार
- शोध के प्रकार – मूलभूत शोध/ व्याहारिक शोध/क्रिया शोध/मात्रात्मक/ गुणात्मक शोध

**Unit-2 साहित्य की समीक्षा**

- प्राथमिक एवं द्वितीयक स्रोत
- सर्च इंजन का उपयोग करके ई-संसाधनों की खोज करना
- डेटाबेस को खोजना
- साहित्य समीक्षा लेखन

**Unit-3 शोध की विधियाँ**

- परिकल्पना की अवधारणा और निरूपण
- सर्वेक्षण विधि और प्रयोगात्मक विधि (चर,रचना)
- ऐतिहासिक विधि
- सामग्री विश्लेषण

**Unit-4 सूचना और संचार प्रौद्योगिकी**

- आई सी टी: सामान्य संछिप्तियाँऔर शब्दावली
- इन्टरनेट,इंट्रानेट, ई-मेल,श्रव्य-दृश्य की मूलभूत बातें
- उच्च शिक्षा में डिजिटल पहल
- आई सी टी और सुशासन

**Unit-5 उच्च शिक्षा प्रणाली**

- उच्च अधिगम संस्थाएं और प्राचीन भारत में शिक्षा
- भारत में प्राच्य, पारंपरिक और गैर- पारंपरिक अधिगम कार्यक्रम
- व्यासायिक, तकनीकी और कौशल आधारित शिक्षा
- नीतियां,सुशासन, राजनीति और प्रशासन

**Unit-6 अनुसंधान प्रतिवेदन तैयार करना**

- अनुसंधान के संरचना और घटक
- आंकड़ों का संकलन
- जर्नल के प्रकार, जर्नल का सूचीबद्ध एवं शोध परिणाम
- उद्धरण, संदर्भ एवं ग्रंथ सूची की शैली
- कॉपीराइट, साहित्यिक चोरी एवं शोध कार्य की मौलिकता
- प्रारूप और रिपोर्ट लेखन की शैली

**Unit-7 शोधनैतिकता**

- शोध में नैतिकता

## पीएच0डी0 प्रवेश परीक्षा हेतु द्वितीय प्रश्न पत्र का पाठ्यक्रम
## (सम्बन्धित विषय)

सभी विषयों के अभ्यर्थियों के लिए द्वितीय प्रश्नपत्र अलग–अलग होंगे, इस प्रश्न–पत्र में केवल विशिष्ट विषय (सन्दर्भित विषय) का पाठ्यक्रम वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम पर आधारित होगा।

**Annexure -II**

**Admission to Ph.D. Programme**

**Consent Letter from Ph.D. guide (Supervisor)**

To, Date:

The Registrar,
Veer Bahadur Singh Purvanchal University,
Jaunpur

Subject : **Consent Letter from Ph.D. guide (Supervisor)**

Name of the Student:..........................................................................................................................
Name of the Subject:..........................................................................................................................
Mode (Full /Part Time) :.......................................................................................................................
Student Application Form Registration No :.........................................................................................
Name of the Supervisor& Co-Supervisor (if any) :................................................................................
Official address of Guide with Pin code:...............................................................................................
...................................................................................................................................................
...................................................................................................................................................
Mobile Number : .......................................................e-mail.........................................................................
Guide Residential Address with Pin code : ............................................................................................
Phone No/Mobile No. : ..........................................................................................................................

Signature of the candidate

---

I, Dr. ……………………………………………………………Department of……………………………………………Faculty of ………………………………………working as (Designation) ………………………………………………………………….….. in…………………………………………………………………………………………………………….…College/University here give my consent to be guide/ supervisor of Ms./Mr./Mrs ……………………………………………………………… S/D/W/o ………………………………………………………………………. for Doctor of Philosophy (Ph.D.) in Subject…………………………………………………………… to Faculty/ Institute of……………………………………………………………………………………………, Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur, (U.P.). I will be abided with the Ph.D. Ordinance of Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur and the UGC prescribed standard norms for the award of Ph.D. degree.

Signature Co-Supervisor (if any) with Address & Stamp

Signature of Supervisor with Address & Stamp

**Note: 1.The Supervisor/Co-Supervisor (if any) must enclose the self-attested CV.**

**2. Enclosed the copy of the PUCRET-2024 result verified by the supervisor.**

**Annexure -III**

## Advisory for the preparation of synopsis of Ph.D.

**Formate of Synopsis of Ph.D.**

- Title of the Synopsis
- Introducation
  It should cover general importance of the research topic taken and its justification in present era (2-3 pages)
- Literature Review
  It must cover the work done by other researchers in this field. It should include review of 30-40 research papers pulished in National and International Journals during last fifteento twenty years
- Objectives of the present work (Point wise)
- Hypothesis (if applicable)
- Work Plan and Methodology
- Impact and Utility of proposed work
- Proposed organization of the thesis (chapter scheme) (provisional)
- References/ Bibliography

**Points for consideration for preparation of Synopsis**

- Information must include according to chapters
- References must preferably be of last TEN years
- The references which are included in written matter, only those references have to include in reference/bibliography chapter
- References mustbe written in Serial No. or Alphabetical order
- Matter must not be copied from SOFT COPY it must be typed
- A Certificate attached after title page with signature of research scholar and his/her supervisor (Signature and Seal), Head of the Department/ Institution
- Please submit FIVE hard copies of Synopsis and TWO soft copies (in CD/Pen Drive)
- Synopsis shall be forwarded to INELIBNET site SHODH GANGOTRI
- Number of pages in complete synopsis must ordinarily be less than 24 pages printed both sides, every page must be scrialized and be signed by the candidate.
- References should be in given particular format [such as MLA/APA/Chicago/Nature/Harvard etc.]
- Synopsis should be in SPIRIAL BINDING
- One page attached with details of following things both in soft and hard copy
  1. Tile of the Synopsis
  2. Name of Scholar
  3. Subject/Faculty
  4. Registratin No.
  5. Name of Supervisor
  6. Designation
  7. Research Centre Name
  8. Total no. of pages
  9. Scanned photograph, E-mail Address, Phone Contact, Address on last page

**Annexure -IV**

**(Six Monthly Ph.D. Progress Report)**

1. Name of Research Centre/College :
2. Department Name :
3. Faculty Name (Under Which Ph.D. will be awarded) :
4. Name of the Ph.D. Student :
5. Subject :
6. Mode of Program (Full time/ Part Time) :
7. Category (UR/OBC/SC/ST/EWS) :
8. Enrollment No. :
9. Roll number :
10. Name of the Supervisor/Co-Supervisor (if any) :
11. Date of Admission in Ph.D. Course (Date of Deposition of Admission fee) :
12. Date of Registration (RDC approval Date) for Ph.D. Degree :
13. (*a*) Topic of Research :
    (b) Broad Subject area :
14. Period of report :
15. Attendance :
    (a) Total number of working days during the period under report:
    (b) Out of these, total No. of days in which the student was present and worked (excluding the days for attending summer school/conference):
    (c) Number of days for which leave (CL/ML) was sanctioned :
    (d) Number of days for which leave was sanctioned for attending workshop/conference/ Seminar etc. :

10. Detailed report about the research work done during the above mentioned period (Enclose separate sheet) :
11. Plan of work for the next six months (enclosed separate sheet) :
12. (a) Research papers presented in the national/international conference/workshop and published/accepted/communicated/presented for publication in journal/ proceeding (enclose separate sheet) :
    (b) Number of National/International conference attended :

**It is certified that the information provided above and in separate pages enclosed with this report is correct to the best of my knowledge and belief.**

Date Signature of Ph.D. student

**Recommendation (Must mention about satisfactory or unsatisfactory report):**

Signature Co-Supervisor (if any) with Address & Stamp

Signature of Supervisor with Address & Stamp

संयोजक
पीएच0डी0 प्रवेश परीक्षा–2024

कुलसचिव